**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## Sahil Kaushik of JC Bose University to deliver a speech in Parliament



TIT Correspondent
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD :** Sahil Kaushik, a student of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been selected to deliver a speech in the Parliament of India during the birth anniversary event of Gurudev Rabindranath Tagore. The programme will be organized in the Central Hall of Parliament on 9th May, 2023. As many as eight students from different Universities across the nation have been selected for the event to deliver the speech in the Parliament. The event is being organized by the Parliamentary Research and Training Institute for Democracies (PRIDE) of Lok Sabha Secretariat with the aim to promote the participation of youth in paying floral tributes to National leaders on their birth anniversary. It may be noted that the applications were invited by the Lok Sabha Secretariat through the University Grant Commission from various universities of the country for the participation of the event. About 25 students were selected in the first phase of the event and in the second stage which was conducted online mode; eight students were selected by the jury for the event on the basis of their speech on Rabindranath Tagore.

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस विश्वविद्यालय से साहिल कौशिक संसद में देगा भाषण

फरीदाबाद, 5 मई, (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र साहिल कौशिक को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम 9 मई, 2023 को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

संसद में भाषण देने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आठ छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोजन के पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था। ऑनलाइन मोड में आयोजित चयन के दूसरे चरण में प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर जूरी द्वारा परखा गया तथा आठ छात्रों का चयन किया गया। चयन दौर में छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और बंगाली सहित विभिन्न भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। फाइनल राउंड में साहिल ने 'रवींद्रनाथ टैगोर युवाओं के लिए ऊर्जा के स्रोत किस प्रकार है' विषय पर अपने विचार रखे। साहिल कौशिक ने अपने चयन का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।



*कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ पवन मलिक के साथ साहिल कौशिक। (छाया: एस शर्मा)*

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत सोशल वर्क के छात्र साहिल उसके चयनित पर बधाई दी है तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा और विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने भी साहिल को उनके चयन पर बधाई दी है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# AMAR UJALA

## संसद में भाषण देंगे जेसी बोस के साहिल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र साहिल कौशिक को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। इसका आयोजन मंगलवार को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

संसद में भाषण देने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों से आठ छात्रों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। मालूम हो कि लोकसभा सचिवालय की



साहिल कौशिक

ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था। चयन के दौरान छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और बंगाली सहित विभिन्न भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत सोशल वर्क के छात्र साहिल को बधाई दी। संवाद

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# AAJ SAMAJ

## साहिल कौशिक संसद में देगा भाषण

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र साहिल कौशिक को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम 9 मई, 2023 को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा। संसद में भाषण देने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आठ छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है।

राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोजन के पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था। ऑनलाइन मोड में आयोजित चयन के दूसरे चरण में प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर जूरी द्वारा परखा गया तथा आठ छात्रों का चयन किया गया। चयन दौर में छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और बंगाली सहित विभिन्न भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। फाइनल राउंड में साहिल ने ह्यरवींद्रनाथ टैगोर युवाओं के लिए ऊर्जा के स्रोत किस प्रकार है विषय पर अपने विचार रखे। साहिल कौशिक ने अपने चयन का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।



कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ पवन मलिक के साथ साहिल कौशिक।

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# HINDUSTAN

## साहिल संसद में भाषण करेंगे

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र साहिल कौशिक को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम नौ मई को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

संसद में भाषण देने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आठ छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था।

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# PIONEER

# जेसी बोस विश्वविद्यालय से साहिल कौशिक संसद में देगा भाषण

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र साहिल कौशिक को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम नौ मई को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा। संसद में भाषण देने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आठ छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोजन के पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था।

**NEWS CLIPPING:06.05.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## संसद में भाषण देगा जेसी बोस यूनिवर्सिटी का छात्र

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के छात्र साहिल कौशिक को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम 9 मई को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा। संसद में भाषण देने के लिए देश भर की विभिन्न यूनिवर्सिटी से आठ छात्रों को चुना गया है।

> देश भर की विभिन्न यूनिवर्सिटी से आठ छात्रों को चुना गया है

राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। साहिल ने अपने चयन का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने संचार व मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत सोशल वर्क के छात्र साहिल उसके चुनने पर बधाई दी है।